**RESURGENCE 2020**
**AN INTER- SCHOOL ONLINE COMPETITION**
**28th October 2020**

# Resurgence 2020

**Students from prestigious schools of Jaipur, Jodhpur & Ajmer, participated in the series competitions on the virtual platform...**







Setting apart all the challenges posed by the COVID 19, **IIS Mansarovar**, successfully, hosted Inter- School Online Competition- Resurgence 2020 on October 28 to give a platform to students for joyful Learning, Art integration & experiential learning. The events included Declamation Competition in English And Hindi, Poster Making, Dance, and Singing Competition. All events were held on a virtual platform, giving students a chance to be joyous and excel in literary & performing arts from the safe zone of their homes. The zealous participation of students from prestigious schools of Jaipur, Jodhpur & Ajmer in all events, showcasing their literary and performing skills, was an indication that education in all forms can never stop!

The program commenced with the opening ceremony that harped on the strong way in which India has resurged and bounced back and how schools have emerged champions during this time.

School Director, Dr. Ashok Gupta declared the online meet open. All events were judged by learned scholars from their respective fields whose presence and words of wisdom were a motivation for all. Hindi Declamation was won by Divyansh Bhansali – DPS, Jodhpur; English Declamation was won jointly bySamriddhi Jain – IIS, Mansarovar & Shubhra Kothari – DPS, Jodhpur. The winner of poster making wasShubhvi Jindal – IIS-IB,. The dance position was won by Shruti Bhaskar – DPS, Jodhpur. Soham Taneja – MPS, Jawahar Nagar, was the winner of the singing competition



School Principal, Mala Agnihotri congratulated all participants and winners and thanked all judges and schools for their participation. Dr. Ashok Gupta wished good luck to all participants. The program ended with judges motivating participants and wishing them good luck.

# इंटर स्कूल कॉम्पीटिशन में डिबेट, डांस और म्यूजिक एक्टिविटीज

सिटी रिपोर्टर | जयपुर

शक्ति शारीरिक क्षमता से नहीं आती। यह अदम्य इच्छा शक्ति से ही संभव है। महात्मा गांधी के इन विचारों को आधार बनाकर मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स की क्षमता उभारने के लिए ऑनलाइन सेशन का आयोजन किया गया। इस कॉम्पीटिशन में जयपुर, जोधपुर और अजमेर के भी स्कूल्स ने हिस्सा लिया। सेशन का आरंभ स्कूल के निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि सीबीएसई की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा को कला, रुचि और अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य



को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में अंग्रेजी व हिंदी डिबेट, डांस, म्यूजिक और पोस्टर निर्माण जैसी एक्टिविटीज भी कराई गईं। इस मौके पर बच्चों ने ऑनलाइन एक्टिविटीज में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अलग-अलग विषयों पर प्रस्तुति दी। इसमें राज्य के कई स्कूलों ने भाग लिया।

# इच्छा शक्ति दर्शाती कला प्रतियोगिता



**जयपुर।** 'शक्ति शारीरिक क्षमता से नहीं, वरन् अदम्य इच्छा शक्ति से ही संभव है'। महात्मा गांधी के इसी विचार को साकार करते इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर ने स्टूडेंट्स के कॉन्फिडेंस और टैलेंट को प्रोत्साहित करने के मकसद से एक अन्तर्विद्यालयी कला प्रतियोगिता ऑनलाइन संयोजित की। इसमें जयपुर के अलावा जोधपुर और अजमेर के छात्रों ने भी पार्टिसिपेंट किया। सीबीएसई की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा को कला, रुचि और अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम में अंग्रेजी व हिंदी संभाषण, नृत्य, संगीत और पोस्टर मेकिंग की स्पर्धाएं हुईं। इनमें अंग्रेजी संभाषण में आईआईएस मानसरोवर की समृद्धि जैन व डीपीएस जोधपुर की शुभ्रा कोठारी, हिंदी संभाषण में डीपीएस जोधपुर के दिव्यांश भंसाली और नृत्य में भी जोधपुर की ही श्रुति भास्कर विजयी रहे। इसी कड़ी में गायन के मुकाबले में एसपीएस जयपुर के सोहम तनेजा और पोस्टर निमार्ण में आईआईएस मानसरोवर की शुभवी जिंदल विजयी रहे। संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक गु'ा ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को एक नया उत्साह और प्रेरणा देते हैं। प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ धन्यवाद किया।

# छात्रों की क्षमता को उभारने की पहल

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर ने विद्यार्थियों की क्षमता को उभारने एवं कोविड-19 काल से उबरते हुए गूगल मीट जैसे ऑनलाइन माध्यम से एक मंच प्रदान कर रहा है। इस अन्तरविद्यालयी प्रतियोगिता के आयोजन में जयपुर के ही नहीं बल्कि जोधपुर एवं अजमेर के भी विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता ने किया। सीबीएसई की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा को कला, रुचि और अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में अंग्रेजी व हिंदी संभाषण, नृत्य, संगीत और पोस्टर निर्माण जैसी प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्साह प्रदर्शन प्रशंसनीय था, जहां संभाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट विचार अभिव्यक्त किए, वहीं संगीत और पोस्टर निर्माण के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करने में भी पीछे नहीं रहे। प्राचार्य माला अग्निहोत्री ने सभी प्रतिभागियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### स्टूडेंट्स को मिला मंच

# ऑनलाइन हुई नृत्य व संगीत प्रतियोगिता

जयपुर • शहर के मानसरोवर स्थित एक स्कूल में स्टूडेंट्स को ऑनलाइन मंच पर जोड़ा गया। महामारी के दौर में स्टूडेंट्स की क्षमता को विकसित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता ने किया। सीबीएसई की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा को कला, रुचि और अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यक्रम में अंग्रेजी व हिन्दी भाषण, नृत्य, संगीत और पोस्टर बनाने जैसी प्रतियोगिताएं शामिल की गईं। प्राचार्य माला अग्निहोत्री ने निर्णायक मंडल व अतिथियों का धन्यवाद दिया।